हुड़दंग ▶ मॉडीफाइड साइलेंसर लगाकर वाहनों से बम जैसी आवाज़ें निकालते रहे युवक

## चौराहों पर पुलिस का पहरा, गलियों में युवाओं का उत्पात

**नवभारत, जबलपुर।** होली पर्व के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। पुलिस लगातार मॉनिटरिंग करती रही ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। हालांकि चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कुछ उत्पाती युवक गलियों, मोहल्लों और कॉलोनियों में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उत्पात मचाते नजर आए। कई युवाओं ने अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा रखे थे, जिनसे बम जैसी तेज आवाजें निकल रही थीं। इससे होली खेल रहे लोगों और घरों में मौजूद बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### सूनी सड़कों पर दौड़ते रहे बेलगाम

होली के दिन ग्रहण लगने और अगले दिन धुरेड़ी होने के कारण शहर के कई इलाकों में सड़कों पर आवाजाही कम रही। इसका फायदा उठाकर कुछ युवक अपने वाहनों को तेज रफ्तार में दौड़ाते दिखाई दिए। कई स्थानों पर वाहन लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते नजर आए, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। बावजूद इसके, युवाओं में तेज रफ्तार का रोमांच कम नहीं हुआ और वे सड़कों पर बेखौफ वाहन दौड़ाते रहे।

### दुर्घटनाओं से भी नहीं मिल रहा सबक

शहर में तेज रफ्तार के कारण पहले भी कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई मामलों में लोगों ने अपने घर के सदस्यों को भी खोया है। इसके बावजूद कुछ युवा इन घटनाओं से सबक लेते नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में लोगों का मानना है कि तेज रफ्तार और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## सोम डिस्टिलरीज मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**पीएस और आबकारी आयुक्त को नोटिस जारी**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज की याचिका पर दो जजों द्वारा सुनवाई के बाद अंतत: जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने गुरूवार को सुनवाई की। एकलपीठ ने वाणिज्यिक कर विभाग के प्रमुख सचिव और आबकारी आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गौरतलब है कि इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा और जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठों ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चीफ जस्टिस के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया।दरअसल, हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। करीब 20 दिन पहले रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रालि. का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक प्रतिनिधि अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है।

### ग्रंथपाल परीक्षा परिणाम पर लगाई गई रोक हटी

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ग्रंथपाल का परीक्षा परिणाम जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। मप्र हाईकोर्ट ने रिजल्ट जारी करने पर लगाई रोक हटा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने पीएससी को रिजल्ट जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी है। न्यायालय ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं का परिणाम सीलबंद लिफाफे में पेश करते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की है।दरअसल भोपाल निवासी प्रीति उमरे, वेंकट राव व अन्य की ओर से यह मामला दायर किया गया था। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने शैक्षणिक योग्यता संबंधी अहर्ता को चुनौती दी थी। पीएससी ने उन्हें साक्षात्कार में शामिल नहीं किया था,

## अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण की बढ़ी मांग

▶ सेवानिवृत्त शिक्षकों ने सरकार से स्पष्ट नीति बनाने की अपील

**नवभारत,जबलपुर।** अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर अब सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी आवाज उठाई है। पड़वार परिक्षेत्र के रिटायर्ड शिक्षकों ने मप्र शासन से अतिथि शिक्षकों की स्थिति स्पष्ट करने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की है। उनका कहना है कि कई अतिथि शिक्षक वर्षों से शिक्षक विहीन स्कूलों में नियमित शिक्षकों की तरह सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पात्रता और चयन परीक्षाएं पास करने के बाद भी उन्हें स्थायी नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने बताया कि बीच सत्र में अतिथि शिक्षकों को हटाना और हर वर्ष नए अतिथियों की नियुक्ति की प्रक्रिया से उनके भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है। कई शिक्षक एक से डेढ़ दशक से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी आर्थिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में सेवानिवृत्त शिक्षक निरंजन सिंह द्विवेदी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, किशोरी लाल नामदेव, मनोज कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार दुबे, गोविंद झारिया और डीके साहू ने कहा कि अतिथि शिक्षक बीएड-डीएड के साथ पात्रता और चयन परीक्षाएं भी उत्तीर्ण कर चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें नियमित नियुक्ति नहीं मिल रही है। उन्होंने शासन से जल्द स्पष्ट नीति बनाकर लंबे समय से सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों को नियमित करने का निर्णय लेने की मांग की है।

## ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग 05 मिलियन टन से अधिक

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल पर ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग बढ़ाने वाणिज्य परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी 2026 माह में 05.26 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जो कि गत वित्तीय वर्ष की इसी माह में 03.78 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान से 39.32 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से फरवरी तक कुल 52.25 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 47.17 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 10.76 प्रतिशत अधिक है

## युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार, आंतें आ गईं बाहर

**जीसीएफ स्टेट सतपुला बाजार में वारदात**

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत जीसीएफ स्टेट सतपुला बाजार में बीती रात दो अज्ञात बदमाशों ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारने की कोशिश की। हमले में घायल युवक की आंतें बाहर आ गईं, जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इसके साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

### खून से लथपथ घर पहुंचा पति, मची चीख-पुकार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती सुषमा राजपूत (45) ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर थीं। तभी उनके पति शंकर सिंह उर्फ बंटी 45 वर्षीय खून से लथपथ हालत में घर के भीतर आए। उनके पेट में गहरे जख्म थे और चोट इतनी गंभीर थी कि आंतें बाहर निकल आई थीं। पति ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि जब वह सतपुला बाजार में था तभी दो अज्ञात लड़कों ने उन पर चाकू से पेट में तीन बार वार किए और फरार हो गए। पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है।



### चाकूबाजी में पिता पुत्र, कुक घायल

गोरखपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजीवनी अस्पताल के पास ने शराब के लिए रुपयों की मांग पूरी न होने पर बदमाशों ने पिता-पुत्र को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार टेंडर-1 निवासी श्रीमती वर्षा बर्मन (39) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मोहल्ले का रहने वाला सिब्बू उर्फ शुभम बर्मन और अमन सेन उनके घर पहुंचे। पति दिनेश बर्मन से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। मना करने पर सिब्बू ने चाकू से हमला कर दिनेश को चोट पहुंचा दी। पिता को बचाने आए बेटे योगेन्द्र पर भी आरोपी अमन ने चाकू से हमला किया। इसी प्रकार माढ़ोताल थाना अंतर्गत श्रीराम कॉलेज रोड पर नक्षत्र नगर निवासी 28 वर्षीय आकाश दाहिया को तीन लोगों ने उस वक्त रोक जब वे ससुराल से लौट रहा था आरोपियों ने पैसों की डिमांड की मना करने पर चाकू से हमला कर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल महफिल बार में कुकिंग का काम करता है।

### मुखबिरी के शक में युवक पर हमला

रांझी थाना अंतर्गत सुमन नगर रिछाई में एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करन दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुमन नगर निवासी 29 वर्षीय शुभम मिश्रा ने बताया कि बिसन कोल पहुंचा और मुखबिरी के शक पर चाकू से वार कर दिया।

**वकील पर बका से हमला**

घमापुर थाना क्षेत्र में अधिवक्ता पर बका से हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घमापुर निवासी अधिवक्ता आशीष प्रजापति से नैतिक पार्टी के लिए 5 हजार रुपये की मांग की। मना करने पर मारपीट कर दी। इसी बीच नैतिक के पिता अतीश प्रजापति भी वहां पहुंच गए और बका से हमला कर आशीष को चोट पहुंचा दी।

## होली अलर्ट : चप्पे चप्पे पर रहा खाकी का पहरा

**125 फिक्स प्वाइंट, 66 टीमें गलियों में कर रहीं थी निगरानी**

**नवभारत, जबलपुर।** होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में रह। शहर में 125 फिक्स प्वाइंट, 18 स्ट्राईकिंग रिजर्व प्वाईट बनें। साथ ही शहर में 66 अतिरिक्त पैट्रोलिंग मोबाईलों के अतिरिक्त थाना प्रभारी मोबाईल, एवं थानों की चीता पैट्रोलिंग भी लगातार शहर की गली-गली में घूम हर गतिविधियों पर नजर रखती रही।



फिक्स प्वाईटों एवं पैट्रोलिंग के अलावा, शहर एवं देहात में 45 एफआरवी वाहन तैनात थे। पेट्रोलिंग मोबाईलों एवं फिक्स प्वाईन्ट पर 6वीं वाहिनी विसबल की कम्पनी को लगाया गया। जिला पुलिस बल के लगभग 2000 अधिकारी, कर्मचारी लगाये गये। साथ ही आरएएफ, क्यूआरएफ, पीटीएस 6वीं वाहिनी व आठवीं वाहिनी के बल को कन्ट्रोलरूम में रिजर्व रखा गया था। जबकि कुल 3000 से अधिक के फोर्स कानून व्यवस्था को संभाला।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कानून व्यवस्था बनाए रखने लगाई गई चॉक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने एएसपी अपराध जितेंद्र सिंह एवं एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी के साथ शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।

## अब छुट्टी के दिनों में भी जमा होगा टैक्स

नवभारत, जबलपुर। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब मात्र 25 दिन ही शेष बचा हुआ है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए 31 मार्च 2026 तक सभी शासकीय अवकाशों को कार्यदिवस में बदल दिया है। अब छुट्टी के दिन भी करदाता अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। नागरिकों को टैक्स जमा करने के लिए अब दफ्तर खुलने का इंतज़ार नहीं करना होगा। रविवार और अन्य अवकाशों में भी कैश काउंटर खुले रहेंगे। नागरिकों की व्यस्तता को देखते हुए सभी संभागीय कार्यालयों के कैश काउंटर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से ही खुल जाएंगे।

## रेलवे ने वसूला 15 लाख से अधिक का जुर्माना

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे प्रशासन ने स्वच्छता को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जबलपुर रेल मंडल ने पिछले ग्यारह महीनों में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया है। इस दौरान मंडल ने बड़ी संख्या में लोगों पर जुर्माना लगाया है ताकि स्टेशनों और ट्रेनों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। विभाग की इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के भीतर उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना और रेल परिसरों को पूरी तरह कचरा मुक्त बनाना है अप्रैल 2025 से शुरू होकर फरवरी 2026 तक चले इस विशेष अभियान के तहत कुल सात हजार सात सौ बासठ मामलों में कानूनी कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं का प्रयोग करते हुए इन उल्लंघनकर्ताओं पर नकेल कसी है। इस पूरी अवधि के दौरान विभाग को जुर्माने के रूप में पंद्रह लाख तिरपन हजार सात सौ पैंतालीस रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बीते फरवरी महीने के आंकड़े बताते हैं कि रेलवे का निगरानी तंत्र काफी प्रभावी रहा है। केवल इसी एक महीने में चार सौ सतहत्तर यात्रियों को ट्रेन या स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया। इन यात्रियों पर तत्काल आर्थिक दंड लगाया गया जिससे विभाग के खाते में पिचानवे हजार रुपये से अधिक की अतिरिक्त राशि जमा हुई।



## ड्यूटी से लौट रहे एएसआई को कार ने मारी टक्कर

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री ब्रिज पर बीती रात होली की ड्यूटी कर वापस लौट रहे पुलिस लाइन में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नंदू सिंह को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार एएसआई नंदू रात करीब 10 बजे गोरखपुर थाना अंतर्गत माण्डवा क्षेत्र में होली ड्यूटी पूरी कर अपनी मोटरसाइकिल एमपी 20 एन के 9856 से वापस पुलिस लाइन लौट रहे थे। जैसे ही वे शास्त्री ब्रिज के ऊपर पहुंचे, सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नंदू सिंह सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। अंधेरे और हादसे के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा, जिसके कारण घायल एएसआई कार का नंबर नहीं देख सके। घटना की सूचना मिलते ही मदनमहल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल अधिकारी को जबलपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब ब्रिज के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके।

## 100 कैमरों के फुटेज खंगाले, दर्जनों संदेहियों से पूछताछ, हाथ खाली

▶ एक करोड़ से अधिक की चोरी सुलझाना बना चुनौती, हवा में लट्ठ घुमा रही पुलिस

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत सुखसागर वैली पोलीपाथर में 23 जनवरी हुई एक करोड़ से अधिक की चोरी महीनों बाद भी अनसुलझी है। 100 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले जा चुके है। दर्जनों संदेहियों से पूछताछ की जा चुकी है लेकिन पुलिस के हाथ खाली है। चोरों को पकड़ा पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है। जबकि थाने से लेकर क्राइम ब्रांच आरोपियों की पतासाजी में लगी है।लंबा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगा है जिससे ऐसा लगने लगा है कि



पुलिस हवा में लट्ठ घुमा रही है।

### 70 तोला सोना, 1 किलो चांदी, 6 लाख हुये हैं चोरी

विदित हो सागर वर्मा 38 वर्ष निवासी सुखसागर वैली पोलीपाथर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थी वे ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है उसकी माता का स्वास्थ्य खराब होने से जबलपुर हास्पिटल में भर्ती है 23 जनवरी को वह एवं उसकी पत्नी हास्पिटल के लिये गये थे घर के मेन दरवाजा में ताला लगा दिया था। जब वापिस लौटा तो दरवाजा का ताला टूटा पड़ा था अंदर जाकर देखा दोनों बेडरूम के आलमारी का ताला टूटा था पूरा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखा लगभग 70 तोला सोना एवं 1 किलो चांदी, नगदी 6 लाख रूपये गायब थे। पुलिस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### कैमरे में कैद हुए थे चार नकाबपोश

सागर वर्मा के पडोसी के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में चार नकाबपोश कैद हुए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे चैक लिए। इसके बाद उन्हें ट्रेस किया लेकिन सफलता नहीं मिली। साथ ही संदेहियों से भी पूछताछ की परंतु अहम जानकारी हाथ नहीं लग पाई। पूर्व में चोरी की वारदातों में पकड़े गए चोरों से भी पूछताछ की गई।

### फिंगर प्रिंट से भी सुराग नहीं

सूत्रों की माने तो पुलिस ने मौके से जुटाए गए फिंगर प्रिंट के जरिए भी अपराधियों के फिंगर प्रिंट मिलान किया ताकि आरोपी पता लगाया जा रहा है लेकिन अब ऐसा कोई सुराग नहीं लगा जिसके सहारे आरोपियों तक पहुंचा जा सके। हालांकि पुलिस का दावा है कि क्लू मिले है जिस पर जांच पड़ताल चल रही है जल्द ही चोरी को सुलझा लिया जायेगा।

## प्रशांत दुबे बने सेक्रेटरी





**जबलपुर, नवभारत।** मप्र स्टेट बार कॉउंसिल चुनाव को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की हाई पावर स्पेशल कमेटी के सुपरविज़न में नए चुनाव की तैयारियां चल रहीं हैं। इस स्पेशल कमेटी में रिटायर्ड जस्टिस केके त्रिवेदी और वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ भी शामिल हैं। नए चुनाव को संपन्न कराने कमेटी ने फिलहाल प्रशांत दुबे को सेक्रेटरी नियुक्त किया है। इसके साथ ही उप चुनाव अधिकारी के रूप में अधिवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह बघेल और दीपक अवस्थी को चुनाव के लिए उप चुनाव अधिकारी बनाया गया है। स्पेशल कमेटी ने स्टेट बार कॉउंसिल को चुनाव के लिए जारी किये गए 1 करोड़ रूपए के फण्ड में से 50 लाख रूपए की राशि ट्रांसफर करने कहा है, ताकि चुनाव की प्रक्रिया निर्बाध्य रूप से जारी रह सकें। बार कॉउंसिल ने चुनाव के लिए 1 करोड़ रूपए के बजट का अनुमान किया था। उम्मीद की जा रही है कि शुक्रवार को यह राशि ट्रांसफर कर दी जायेगी।

## जंगल में मिली लाश, हत्या की आशंका

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत छतरपुर गांव के पास जंगल में एक वृद्ध की लाश पड़ी मिली। जिसके सिर में चोट के निशान है। जिससे आशंका जाहिर की जा रही है उसकी हत्या की गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक हल्लू कोल 60 वर्ष का छतरपुर गांव में रहता था औरककरहाई तालाब के पास एक खेत की रखवाली करता था। जिसका शव जंगल में पड़ा मिला। जिसके सिर में गंभीर चोट के निशान मिले है। सीएसपी राजेशवरी कौर ने बताया कि हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर लिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।



### युवक का मिला शव

संजीवनी नगर स्थित नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। मृतक की पहचान रूपलाल पटेल के रूप में हुई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### घर में चक्कर खाकर गिरे युवक की मौत

घमापुर थाना अंतर्गत शीतलमाई में घर में चक्कर खाकर एक युवक गिर गया जिसे उपचार के लिए परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक गुरूवार को मेडिकल से सूचना मिली कि धीरज कुमार संतोषी 42 वर्ष निवासी शीतलमाई घमापुर का शाम लगभग 5 बजे शाम को अपने घर में अचानक चक्कर खाकर गिर गया था जिसे भाभी ज्योति ने शाम पांच बजे को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। दौरान उपचार के धीरज कुमार संतोषी को 42 वर्ष की मौत हो गई।

निर्देश ▶ जनगणना, राजस्व और विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें

## सुबह 7 बजे से मैदान में उतरेगा निगम का अमला : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को गति देने के लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के विकास और जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने हाउस नंबरिंग के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह कार्य 9 मार्च तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। कार्य की गंभीरता को देखते हुए कल सुबह 7 बजे से ही इस अभियान को शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।



### राजस्व वसूली में तेजी लाएं

निगमायुक्त द्वारा निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए राजस्व वसूली अभियान की भी गहन समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सुबह 7 बजे से फील्ड में उतरकर वसूली की प्रगति बढ़ाए। आयुक्त ने विशेष रूप से जोर दिया कि वसूली के दौरान नागरिकों के साथ अधिकारियों का कार्य व्यवहार शालीन और अच्छा होना चाहिए।

इसके बाद निगमायुक्त ने लोककर्म विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। निगमायुक्त ने कड़े शब्दों में कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, इसलिए सभी तकनीकी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर उच्च मापदंडों के अनुरूप निर्माण कार्यों को कराएं। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, के साथ सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवकाश पर रोक

निगमायुक्त द्वारा 31 मार्च तक वसूली से जुड़े कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है ताकि वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने ये भी कहा है कि यदि कोई बहुत जरूरी कार्य आ जाने से अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे।